दिन–रविवार दिनांक– 30 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज बिहार में आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया। पटना में राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन के उद्‌घाटन के अवसर पर श्री शाह ने आजादी के पचहत्तर वर्षों के बाद सहकारिता क्षेत्र के लिए अलग से एक मंत्रालय के गठन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र मखाना बोर्ड के गठन जैसी पहल के साथ बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इधर, गोपालगंज में एक जनसभा के माध्यम से गृह मंत्री श्री शाह ने लालू प्रसाद पर जमकर निशाना साधा। श्री शाह ने पुलिस लाइन मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि लालू प्रसाद के पंद्रह साल के शासन काल में अपराध और अपहरण का बोलबाला था। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या के बाद सीतामढ़ी में भव्य सीता माता का मंदिर बनाने जा रहे हैं। इससे मातृ शक्ति को प्रमुखता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या जनकपुर रामायण सर्किट और बोधगया बौद्ध सर्किट पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विक्रमशिला विश्वविद्यालय का भी पुनरुद्धार करने जा रही है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराने कपड़े जल्द ही छोड़ देने और नए कपड़े खरीदने का चलन दुनियाभर में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए देश में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। श्री मोदी ने कहा कि जलशक्ति मंत्रालय और कई अलग–अलग स्वयंसेवी संस्थाएँ इस दिशा में काम कर रही हैं और देश में हज़ारों कृत्रिम तालाब, चेक डैम और बोरवेल रीचार्ज का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी ऐसा समय है, जब हम किसी नए शौक को अपनाने के साथ ही अपने हुनर को और तराश सकते है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के दक्षिण–मध्य, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर तेज गर्म हवा के कारण अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है।

———————————————————————

राज्य में चल रहे जमीन सर्वे के लिए स्व–घोषणा की अंतिम तिथि आगामी इकतीस मार्च तक निर्धारित है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने बताया कि समय सीमा समाप्त होने के बाद भी स्वघोषणा अपलोड करने के लिए कुछ दिनों तक पोर्टल खुले रहेंगे। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति अभी तक जमीन संबंधी स्वघोषणा नहीं कर सके हैं, वे जल्द ही इसकी घोषणा कर दें। इसमें किसी तरह की परेशानी हो तो विभागीय कर्मियों से सहायता ली जा सकती है।

———————————————————————

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एबीवीपी की उम्मीदवार मैथिली मृणालिनी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव के इतिहास में पहली बार कोई छात्रा अध्यक्ष चुनी गयी है। महासचिव पद पर निर्दलीय सलोनी राज और कोषाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई की सौम्या श्रीवास्तव ने जीत हासिल की, जबकि उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय धीरज और संयुक्त सचिव पद पर एनएसयूआई के रोहन कुमार विजयी हुए हैं।

———————————————————————

समाप्त